E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com
☎: 0512-2246609
☎: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./ 17 /2026 दिनांक: 06/01/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषयः सत्र 2025–26 एन0ई0पी0 के अन्तर्गत स्नातक विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों – बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0 एवं बी0बी0ए0 पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा/इण्टरनल असेसमेन्ट के अंक अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि सत्र 2025–26 एन0ई0पी0 के अन्तर्गत स्नातक विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों – बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0 एवं बी0बी0ए0 की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के अंक ई0आर0पी0 पोर्टल पर एवं इण्टरनल असेसमेन्ट के अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि 31.12.2025 तक निर्धारित की गयी थी, जिसे महाविद्यालयों एवं छात्र/छात्राओं के अनुरोध के क्रम में दिनांक 08.01.2026 सायं 05:00 बजे तक अन्तिम रूप से विस्तारित की जाती है। उक्त के क्रम में यह भी सूचित करना है कि जिन महाविद्यालयों के उपरोक्त पाठ्यक्रमों के पूरे बैच के प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के अंक ई0आर0पी0 पोर्टल पर एवं इण्टरनल असेसमेन्ट के अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये है, सिर्फ उन्हीं महाविद्यालयों के द्वारा ही अंक अपलोड किये जा सकेगें।

अतः आपसे अनुरोध है कि सत्र 2025–26 के स्नातक विषम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों – बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0 एवं बी0बी0ए0 की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के अंक ई0आर0पी0 पोर्टल पर एवं इण्टरनल असेसमेन्ट के अंक समर्थ पोर्टल पर दिनांक 08.01.2026 सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से आन्तरिक/बाह्य परीक्षक की उपस्थिति में अपनी देख–रेख में अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात अंकों को अपलोड कराया जाना सम्भव नहीं होगा एवं विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित छात्र/छात्राओं की अनुपस्थिति दर्ज कराते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद्, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. पी0एम0यू0।
5. कोडिंग सेल।
6. सम्बन्धित पत्रावली

(अंजलि मौर्या)
उप कुलसचिव (परीक्षा)